प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने पर विशेष बल दे रही सरकार।
- राज्य सरकार के मंत्रियों ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री द्वारा हिमाचल को दिए गए बजट संबंधी बयान को बताया भ्रामक व तथ्यहीन।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा– विधानसभा में हुई नियुक्तियों को लेकर विपक्ष के सवाल बेबुनियाद।
- प्रदेश में आज रात से करवट लेगा मौसम– मौसम विभाग ने 21 फरवरी तक बर्फबारी व वर्षा की जताई संभावना।

मुख्यमंत्री

वर्तमान प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सके। इसी के दृष्टिगत राज्य सरकार ने चिकित्सा क्षेत्र में अध्ययन या वशिष्ठ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एमबीबीएस चिकित्सकों को पूरा वेतन प्रदान करने का निर्णय लिया है। इससे पूर्व, अध्ययन अवकाश पर जाने वाले चिकित्सकों को केवल 40 प्रतिशत वेतन मिलता था। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार द्वारा अध्ययन अवकाश के दौरान पूरा वेतन देने का निर्णय चिकित्सकों को उनकी शिक्षा और पेशेवर जिम्मेदारियों के मध्य संतुलन बनाने में मददगार सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इससे चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी, विशेषज्ञता को प्रोत्साहन मिलेगा और राज्यभर में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान किया गया है ताकि मरीजों को इलाज के लिए अन्य राज्य में जाने की आवश्यकता न पड़े।

विक्रमादित्य

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा केंद्रीय बजट में हिमाचल को दिए गए बजट को भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है। आज शिमला में एक प्रेस वार्ता में विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि रवनीत बिट्टू ने हिमाचल को बजट में 11 हज़ार 8 सौ 6 करोड़ रूपये देने का झूठा दावा किया है, क्योंकि अभी तक बजट को लेकर कोई विस्तृत जानकारी नहीं आई है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री अपने मंत्रालय के आंकड़ों से पूरी तरह वाकिफ़ नहीं हैं और उन्हें अध्ययन करने की ज़रूरत है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के बीच हिमाचल प्रदेश को उत्तराखंड के मुकाबले केंद्र से बहुत कम वित्तीय सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि ऐसी वित्तीय सहायता केंद्र प्रायोजित योजनाओं का हिस्सा हैं जो हिमाचल के लोगों का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने हिमाचल को अपने संसाधनों से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विपक्ष को सरकार के साथ एकजुट प्रयास करने की सलाह दी है।

बयान

प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने केंद्र सरकार पर हिमाचल की अनदेखी का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक संयुक्त प्रेस बयान में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि बार–बार केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर राज्य के हक की बात रखने के बावजूद प्रदेश के लोगों को कुछ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुरानी पैंशन योजना लागू करने के बाद केंद्र ने हिमाचल को मिलने वाली ऋण सीमा में भारी कटौती की है, ताकि सरकार पर ओपीएस बंद करने का दबाव बना सके। मंत्रियों ने कहा कि केंद्र के पास एनपीएस के तहत हिमाचल के लगभग 9 हज़ार करोड़ रूपये फंसे हैं, लेकिन केंद्र इस राशि को लौटाने की बजाय प्रदेश सरकार पर कर्मचारियों को पुनः एनपीएस या यूपीएस के दायरे में लाने के लिए लगातार पत्र भेज रही है। दोनों नेताओं ने केंद्र पर

आपदा के लिए कोई राहत न देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा नेताओं पर हिमाचल के विकास को रोकने के लिए साजिशें रचने का भी आरोप लगाया।

बजट सत्र तैयारियां

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शिमला में होगा। बजट सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय ने तैयारियां शुरू कर दी है। सत्र से पहले सुरक्षा व्यवस्था और सर्वदलीय बैठक जैसी सभी औपचारिताएं पूरी की जाएंगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने विधानसभा में हुई नियुक्तियों को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि जिन नियमों के तहत भाजपा के कार्यकाल के दौरान नियुक्तियां हुई उन्हीं नियमों के तहत अब भी नियुक्तियां हुई हैं।

संगोष्ठी

इस बीच भारतीय पत्रकार कल्याण संघ द्वारा आज शिमला में राष्ट्रीय संगोष्ठी व पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान भारत की आजादी में पत्रकारिता की भूमिका विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत की आजादी में पत्रकारों की भूमिका स्वतंत्रता सेनानियों व आजादी से जुड़े नेताओं से कम नहीं है। पठानिया ने हरियाणा की तर्ज पर हिमाचल के पत्रकारों को पैंशन और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के आग्रह पर कहा कि वे इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ चर्चा करेंगे।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि इंडी ब्लॉक के नेता हमेशा सनातन का अपमान करना चाहते हैं और महाकुंभ को लेकर इनके नेताओं ने अपनी मंशा ज़ाहिर कर दी है। शिमला से जारी एक ब्यान में उन्होंने कहा कि महाकुंभ में जैसे–जैसे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है, वैसे–वैसे इंडी ब्लॉक के नेताओं की हताशा भी बढ़ रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अभी तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक महाकुंभ में 55 करोड़ से ज़्यादा लोग स्नान कर चुके हैं और ये आंकड़ा अभी और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के कारण उत्तर प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हो रहा है और सनातन की महिमा कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन को रास नहीं आ रही है। जयराम ठाकुर ने इंडी गठबंधन के नेताओं को सनातन का सम्मान करने और इसके प्रति अपना नज़रिया बदलने का आग्रह किया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज रात से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है जिसके चलते 21 फरवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अन्य भागों में वर्षा होने के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि इस विक्षोभ का असर पूरे प्रदेश में होगा। गौरतलब है कि प्रदेश में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है और लंबे समय से किसान व बागवान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। वर्षा के अभाव में सेब बाहुल्य क्षेत्रों में बागवान सेब के तौलिये भी नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा गेहूं की फसल भी बारिश न होने के कारण पीली पड़ गई है।

परीक्षा

हिमाचल प्रदेश न्यायिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 2 मार्च को शिमला, सोलन, मंडी और धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। राज्य लोक सेवा आयोग के अवर सचिव भूतेश्वर चौहान ने बताया कि संबंधित उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र आयोग की आधिकारिक वैबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने पर विशेष बल दे रही सरकार।

- राज्य सरकार के मंत्रियों ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री द्वारा हिमाचल को दिए गए बजट संबंधी बयान को बताया भ्रामक व तथ्यहीन।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा– विधानसभा में हुई नियुक्तियों को लेकर विपक्ष के सवाल बेबुनियाद।
- प्रदेश में आज रात से करवट लेगा मौसम– मौसम विभाग ने 21 फरवरी तक बर्फबारी व वर्षा की जताई संभावना।

..............................................................................................................................